हिमाचल प्रदेश तेरहवीं विधान सभा

(**चौदहवां सत्र**)

लिखित उत्तर हेतु प्रश्न

शुक्रवार, 25 फरवरी, 2022/6 फाल्गुन, 1943 (शक्)

[जल शक्ति मन्त्री - सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मन्त्री - ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री - शिक्षा मन्त्री - बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री तथा खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मन्त्री].

कुल प्रश्न - 17

नवगठित पंचायतों में नियुक्तियां

1855 **श्रीमती कमलेश कुमारी** (भोरंज):

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि सरकार प्रदेश में नवगठित पंचायतों में पंचायत सचिवों, तकनीकी सहायकों व ग्राम रोज़गार सेवकों को कब तक नियुक्ति प्रदान करने का विचार रखती है; ब्यौरा दें?

गौ सेंक्चुरी

1856 **श्रीमती कमलेश कुमारी** (भोरंज):

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि सरकार प्रदेश में बेसहारा पशुओं के लिए गौ सेंक्चुरी किस-किस स्थान पर बनाने का विचार रखती है?

अनुसूचित जाति विकास योजना

1857 **श्री रोहित ठाकुर** (जुब्बल-कोटखाई):

क्या **सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगी कि गत 3 वर्षों में दिनांक 01.02.2022 तक अनुसूचित जाति विकास योजना (एस0सी0डी0पी0) के अन्तर्गत कौन-कौन सी सड़कों व पुलों का निर्माण जुब्बल-कोटखाई विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में

किया गया है; योजनावार स्वीकृत धनराशि व कार्य की अद्यतन स्थिति सहित ब्यौरा दें?

प्रयोगशालाएं

1858 **श्री रोहित ठाकुर (जुब्बल-कोटखाई):**

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) कृषि विभाग की मृदा परीक्षण प्रयोगशालाएं कहां-कहां पर स्थापित की गई हैं; ये कब खोली गई थीं व इन प्रयोगशालाओं में विभिन्न श्रेणियों के कितने पद स्वीकृत व कितने रिक्त हैं; और

(ख) सरकार नई प्रयोगशालाएं खोलने का विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक; यदि नहीं, तो कारण?

पदपूर्ति

1859 **श्री रोहित ठाकुर (जुब्बल-कोटखाई):**

क्या **बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) जुब्बल-कोटखाई विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में विद्युत मण्डलों व उप-मण्डलों में विभिन्न श्रेणियों के कितने पद स्वीकृत व रिक्त हैं; पदों का ब्यौरा समयावधि सहित दें; और

(ख) सरकार इन रिक्त पदों को कब तक भरने का विचार रखती है?

व्यय धनराशि

1860 **श्री सुरेन्द्र शौरी (बन्जार):**

क्या **जल शक्ति मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि गत 3 वर्षों में दिनांक 01.02.2022 तक बन्जार विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत बागवानी विभाग की विभिन्न योजनाओं के अन्तर्गत किन-किन मदों पर कितना व्यय किया गया; ब्यौरा दें?

आंगनबाड़ी केन्द्र व उप-केन्द्र

1861 **श्री सुरेन्द्र शौरी (बन्जार):**

क्या **सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगी किः-

(क) बन्जार विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत कितने आंगनबाड़ी केन्द्रों व उप-केन्द्रों में कार्यकर्ता व सहायिका के पद रिक्त हैं; और

(ख) कितने आंगनबाड़ी केन्द्र भवन न होने के कारण किराये के भवनों में चल रहे हैं; सरकार इनके लिए नए भवन निर्माण का विचार रखती है; ब्यौरा दें?

भवन निर्माण

1862 **श्री जगत सिंह नेगी (किन्नौर)ः**

क्या **शिक्षा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि राजकीय उच्च पाठशाला हांगो के भवन का निर्माण कार्य कब तक आरम्भ कर दिया जाएगा?

फुट ब्रिज निर्माण

1863 **श्री जगत सिंह नेगी (किन्नौर)ः**

क्या **बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि सतलुज पर तंगलिंग गांव के लिए एच0पी0पी0सी0एल0 द्वारा करार के अनुसार फुट ब्रिज का निर्माण करना प्रस्तावित था परन्तु इस फुट ब्रिज का निर्माण कार्य अभी तक आरम्भ नहीं किया है; कारणों सहित ब्यौरा दें; और

(ख) यह सत्य है कि मैबर गांव के लिए रली से रज्जू मार्ग का निर्माण होना प्रस्तावित था; यदि हां, तो यह कार्य कब तक आरम्भ कर दिया जाएगा?

पंचायती राज चुनाव

1864 **श्री जगत सिंह नेगी (किन्नौर)ः**

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) प्रदेश में पंचायती राज चुनावों से संबंधित कितने मामले विभिन्न अधिकारियों के पास फैसले हेतु कब से लम्बित पड़े हैं; विकास खण्डवार ब्यौरा दें; और

(ख) पंचायती राज अधिनियमों में चुनाव संबंधी मामलों का निपटारा छः महीनों में करने का प्रावधान है जबकि इस कानून के प्रावधान का पालन नहीं किया जा रहा है; क्या सरकार इन चुनावी मामलों को समयबद्ध तरीके से निपटाने का विचार रखती है?

Augmentation Tanks

1865 **Sh. Rakesh Singha (Theog):**

Will the **Jal Shakti Minister** be pleased to state :-

(a) how many augmentation tanks are proposed for the LWSS Kurpan Khud;

provide details Division wise; how many tanks are already existing prior to the scheme having been constructed and how many are new; capacity of each tank and the population to which this scheme would cater water;

(b) the time frame in which the SOP work will be completed, has work on the sub-station started; if not, by when; by when the equipment for the sub-station and transformer will be made available at the work site; and

(c) what is the funding head of the scheme, what amount of funds were available prior to the financial year 2017-18; how much funds available after that and through which funding agency are the funds coming; for what amount have tenders of the scheme be floated?

GWSS Theog

1866 Sh. Rakesh Singha (Theog):

Will the **Jal Shakti Minister** be pleased to state :-

(a) what are the total number of GWSS in Theog Assembly Constituency; provide details of each scheme, division wise, when was the first scheme constructed, work code of the scheme, length of the pipeline from the source to the distribution/sectoral water tank, the water holding capacity of the distribution tank, last discharge of water measured at source and is the scheme functional or not;

(b) has any work of remodelling been done in the last 3 years if yes, in which year and what was remodelled; what was its cost; any work done prior to 2018-19 and its cost; and

(c) are there any intake and desilting tanks; if yes, in what condition they are?

LWSS & LIS

1867 Sh. Rakesh Singha (Theog):

Will the **Jal Shakti Minister** be pleased to state :-

(a) what are the total number of LWSS & LIS in Theog Assembly Constituency; provide all details in their respect; when were these schemes approved, their work code, the discharge available at the time of operational of the scheme and the last discharge measured as on record; the length of the

rising main, its dia capacity, whether rising main flinged or not, capacity of storage and distribution tanks, distance of the pump house from the transformer, whether road build to the pump house or not, chowkidars hut at the pump house or not, how many times in the last 3 years the motor and pump been repaired; the cost of repairs, has any remodeling been done and it's cost;

(b) for how much population was the scheme envisaged and what is the present population; what is the consumption of electricity for pumping and lifting of water; and

(c) how many times the transformer has been damaged and the cost of its repairs and how many times it has been stolen?

सब्जी मंडी का निर्माण

1868 **श्री इन्द्र सिंह (बल्ह):**

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि यह सत्य है कि बल्ह विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत क्रेहडी (नागचला) में सब्जी मंडी का निर्माण कार्य प्रस्तावित है; इसके लिए कितनी धनराशि का प्रावधान है; इसका निर्माण कार्य कब आरम्भ किया जाएगा व इसकी क्या औपचारिकताएं शेष हैं; ब्यौरा दें?

भवन निर्माण

1869 **श्री इन्द्र सिंह (बल्ह):**

क्या **शिक्षा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि यह सत्य है कि सरकार द्वारा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला गलमा के भवन निर्माण हेतु 5 करोड़ 78 लाख रुपये की धनराशि स्वीकृत की गई है, जिसमें से मात्र 2 लाख रुपये की धनराशि ही जारी की गई है; यदि हां, तो शेष धनराशि कब तक जारी कर दी जाएगी तथा निर्माण कार्य कब तक पूर्ण कर दिया जाएगा?

प्राथमिक शिक्षा खण्ड

1870 **श्री हीरा लाल (करसोग)ः**

क्या **शिक्षा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि करसोग विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत प्राथमिक शिक्षा खण्ड-। व॥ में कितने प्राथमिक विद्यालय हैं; नाम, स्थान, अध्यापक व बच्चों की संख्या सहित ब्यौरा दें?

पाठशालाएं

1871 **श्री हीरा लाल(करसोग) ः**

क्या **शिक्षा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि करसोग विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में कितनी राजकीय माध्यमिक, उच्च व वरिष्ठ माध्यमिक पाठशालाएं हैं; पाठशालाओं का नाम, स्थान, अध्यापक व बच्चों की संख्या सहित ब्यौरा दें ?

यशपाल शर्मा,

सचिव।